भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1805
जिसका उत्तर 05.12.2024 को दिया जाना है

पश्चिम बंगाल में चार लेन वाली सड़क का निर्माण

1805. श्री अबू ताहेर खान:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) लगभग साढ़े चार हजार करोड़ रुपए की लागत से घोषित, जंगीपुर से बसीरहाट तक तीन जिलों मुर्शिदाबाद, नादिया और उत्तर 24 परगना से गुजरने वाली 318 किलोमीटर लंबी चार लेन वाली सड़क के निर्माण में वर्तमान में क्या प्रगति हुई है;
(ख) क्या सरकार का इस परियोजना को आरंभ करने का प्रस्ताव है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास एक सतत प्रक्रिया है। मंत्रालय को पश्चिम बंगाल सहित विभिन्न राज्य सरकारों से राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा/ उन्नयन /विकास के लिए प्रस्ताव प्राप्त होते रहते हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में इसे अधिसूचित किए जाने के पश्चात इस परियोजना के लिए संशोधित डीपीआर की तैयारी चल रही है। मानदंड की पूर्ति, संपर्कता की आवश्यकता, परस्पर प्राथमिकता और धनराशि की उपलब्धता तथा पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं।

*****